भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 142

गुरुवार, 2 फरवरी, 2023/13 माघ, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन को बढ़ावा दिया जाना

142. श्री के.आर. सुरेश रेड्डीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश भर में फेरी पर्यटन, सी-प्लेन पर्यटन, क्रूज़ पर्यटन और कारवां पर्यटन को विकसित करने और उसे बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए हैं/कर रही है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ख) : जी, हां महोदय । पर्यटन मंत्रालय ने देशभर में फेरी पर्यटन, सी-प्लेन पर्यटन, क्रूज पर्यटन और कारवां पर्यटन के विकास तथा संवर्धन के लिए निम्नलिखित प्रयास किए हैं :

(i) पर्यटन मंत्रालय क्रूज पर्यटन और नदियों के किनारे क्रूज सहित पर्यटन के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों/केंद्रीय सरकारी एजेंसियों को केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) प्रदान करता है ।

(ii) एक कार्य बल का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष सचिव (प) और सह-अध्यक्ष सचिव (पोत परिवहन) हैं । इस कार्यबल में पत्तन मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय, गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, कस्टम, सीआईएसएफ, तटीय राज्यों आदि के प्रतिनिधि शामिल हैं ।

(iii) पर्यटन मंत्रालय ने पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के सहयोग से 14 से 15 मई, 2022 को मुंबई में प्रथम अतुल्य भारत अंतर्राष्ट्रीय क्रूज सम्मेलन का आयोजन किया ।

(iv) पर्यटन मंत्रालय ने अन्य बातों के साथ-साथ कारवां पार्कों सहित विशिष्ट पर्यटन उत्पादों के विकास के लिए एक नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति का मसौदा तैयार किया है ।

इसके अतिरिक्त, अभी हाल ही में भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने वाराणसी से डिब्रूगढ़ तक विश्व के सबसे लंबे रिवर क्रूज का उद्घाटन किया है ।

जैसा कि भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) ने सूचित किया है कि आईडब्ल्यूएआई द्वारा राष्ट्रीय जलमार्गों पर परिवहन के लिए विकसित अवसंरचना, जिसमें फेयरवे, टर्मिनल, जेट्टी, नेविगेशन सहायता आदि शामिल है, का नदी पर्यटन संचालकों द्वारा भी उपयोग किया जाता है ।

*****